## गुस्ताखी माफ

मोह कनाडा का बड़ा, ब्याह बना व्यापार।
लुट कर भी ये दुल्हनें, लुटने को तैयार।
लुटने को तैयार, भले कैसा भी आये।
लाखों रुपए पेश, कनाडा बस ले जाये।
कह साहिल कविराय, लुटें तो शोर मचाते।
ये फंसने से पूर्व, पूछने कब हैं आते।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 116 | THURSDAY 07-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# कारोबारी शहर में माफिया राज: गैंग ऑफ वासीपुर एक्टिव, जनता को मसीहा की तलाश

## कॉर्पोरेट की जमीन पर तुरंत जांच, आम जनता की जमीन पर सालों कोर्ट-कचहरी के चक्कर।





लुधियाना/यूटर्न/5 मई। महानगर में राजनितिक और तथाकथित प्रशासनिक अधिकारीयों की शह पर गैंग ऑफ वासीपुर की तरह लैंड ग्रैबर एवं माफिया का गैंग एक्टिव है। जिनकी और से लोगों की बेशकीमती जमीनों पर निरंतर कब्जे किए जा रहे है। गैंग के सदस्यों द्वारा पहले शहर में घूमकर धनासेठों की जमीनें ढूंढी जाती है, जिसके बाद उनके फर्जी दस्तावेज बनाकर कब्जा कर लिया जाता है। उक्त गैंग को कई बाहुबलीयो एवं राजनेताओं की शह है।

जिसके चलते लैंड माफिया गिरोह की और से शहर के कारपोरेट घराने से लेकर आम व्यक्ति तक को अपना निशाना बनाया जा चुका है। परतुं दिलचस्प बात ये है की जब लैंड माफिया ने कारपोरेट घरानों की तरफ नजर की तो उनके हाथ मरोड़ दिए गए लेकिन जब यही बुरी नजर मिडिल क्लास एवं आम लोग पर पड़ी तो आम लोग थानों, डीसी ऑफिस और अधिकारियों के ऑफिसों के चक्कर लगाते नजर आ रहे है। बड़ी बात यह है की उनकी कोई सुनवाई भी नहीं हो रही है और न कब्जाधारी खुलमखुला उनकी जमीन का कब्जा किए हुए है। इसमें प्रशासन की दोहरी कार्यप्रणाली भी उजागर होती है। जिसके चलते शहर में चर्चा छिड़ गई है कि शहर की जनता को एक मसीहा की जरूरत है, जो उन्हें इन मुश्किलों से निकाल सके।

### एमटीपी- एटीपी ने एडिशनल कमिश्नर के आदेश भी नहीं माने

हरिंदर पाल सिंह ने बताया कि उन्होंने इस मामले संबंधी एडिशनल कमिश्नर दीपजोत कौर को शिकायत की। जिन्होंने मामले में तुरंत एमटीपी विजय कुमार और एटीपी कपिल देव को कार्रवाई के आदेश दिए। लेकिन उन्होंने मामले में एक्शन लेने की जगह पहले सेवादार को मौके पर भेज दिया। जो कब्जाधारियों से अपनी सेवा लेकर वापिस आ गया। जिसके बाद उन्होंने फिर एमटीपी विजय कुमार और एटीपी कपिल देव को कहा तो भी उन्होंने एक्शन नहीं लिया। फिर एटीपी कपिल देव बोले कि कोई न आप टेंशन मत लो, लेंटर पड़ने दो फिर भी अवैध कब्जे हटा देंगे। हैरानी की बात तो यह है कि अधिकारी कब्जा रोकने की जगह खुद कह रहे कब्जा होंगे दो बाद में देख लेंगे। वहीं इस मामले में अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की तो संपर्क नहीं हो सका।

### जनता के सेवकों को भी नहीं परवाह

हैरानी की बात तो यह है कि ज्यादातर कब्जे काराबारा रोड और फिरोजपुर रोड पर हो रहे है। लेकिन राजनेता और प्रशासनिक अधिकारी अनजान बन जनता के साथ हो रही धक्केशाही से बेखबर बने हुए है। जबकि हर पार्टी द्वारा जन सभाओं में वोटरों को धक्केशाही नहीं होने देने के दावे करना सामान्य बात है।

### सभी मामलों में ज्यादातर कब्जाधारी गैंग

शहर में पिछले कुछ समय के दौरान पहला कारपोरेट कारोबारी ओरिएंटल डाइंग, दूसरा पार्षद नंदिनी जैरथ के ससुर, तीसरा कारोबारी विजय घई, हरीश छाबड़ा एवं चौथा आम होजरी कारोबारी हरजिंदर सिंह की जमीन पर लैंड माफिया की और से कब्जे किए गए। इन मामलों की जांच हुई तो सभी में 90 प्रतिशत कब्जाधारी वही है। अब इसे इत्तेफाक कहे या सोची समझी साजिश यह लोग खुद समझदार है। हैरानी की बात तो यह है कि जो दृष्टिकोण सामान्य बुद्धिजीवियों को नजर आ रहा है वो प्रशासन और पुलिस के दृष्टिकोण से अनदेखा क्यों है।

### यह है शहर के गैंग ऑफ वासीपुर के कब्जाधारी

लुधियाना का हरविंदर सिंह उर्फ कला बराड़
संगरूर के गांव शामपुरा के रणधीर सिंह
संगरूर के गांव दिराबा के विजय कुमार
संगरूर के सनाम के नरेंद्र शर्मा
लुधियाना जनता नगर के गंगा राम
रायकोट के गांव सिलोनी का मनदीप सिंह
रायकोट के गांव सिलोनी का गुरपाल सिंह
लुधियाना सिविल लाइन गुरुनानकपुरा का हरदीप सिंह
लुधियाना गांधी नगर का भूपिंदर पाल बग्गा
लुधियाना मॉडल टाउन तिकोना पार्क का अवतार सिंह
लुधियाना अगर नगर ब्लॉक ए का हरविंदर सिंह

### सरकारी रकबे की रजिस्ट्रियां करवाकर किया कब्जा

काराबारा गांव के हरजिंदर सिंह ने बताया कि उनकी गांव में सात हजार गज जमीन है। लैंड माफिया के काका बराड़ और रणधीर सिंह नामक व्यक्ति की और से मिलकर उनके गांव से एक किलोमीटर दूर गांव शेखेवाल में गली सड़कों के रकबे की रजिस्ट्री करवा ली है। जिसके बाद उसी रजिस्ट्री के आधार पर उनकी सात हजार गज जमीन को अपना बताते हुए कब्जा कर लिया। उन्होंने इसकी शिकायत दो। लेकिन पिछले आठ साल से वह डीसी ऑफिस, पुलिस कमिश्नर ऑफिस और नेताओं के ऑफिस के चक्कर लगा रहे है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। वहीं अब तो कब्जाधारी रणधीर सिंह ने साथियों समेत उक्त जमीन पर कंस्ट्रक्शन भी शुरू कर दी है। उन्होंने मौके पर पुलिस बुलाई तो रणधीर सिंह मुलाजिमों से भिड़ गया। पीड़ित ने एसीपी नॉर्थ को शिकायत दो तो उन्होंने कारवाही नहीं की। जबकि थाना सुंदर नगर के एसएचओ ने तो उनके हाथ बंधे होने की बात कह डाली।

# अनाज भंडारण को मजबूत करने की तैयारी, शाहबाद-अंबाला के बीच बनेगा बड़ा साइलो: सीएम सैनी



चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में अनाज भंडारण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शाहबाद और अंबाला के बीच एक बड़े साइलो (आधुनिक वेयरहाउस) के निर्माण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि इस परियोजना के लिए रेलवे लाइन और सड़क मार्ग के बीच उपयुक्त स्थान पर करीब 100 एकड़ तक भूमि चिह्नित कर एक माह में विस्तृत योजना तैयार की जाए। हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की मेहनत से पैदा होने वाले अनाज को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त भंडारण सुविधाएं जरूरी हैं। उन्होंने हिसार एयरपोर्ट के पास फल-सब्जियों के भंडारण के लिए भी बड़े वेयरहाउस या साइलो की योजना बनाने को कहा, ताकि मिडिल ईस्ट देशों में निर्यात बढ़ाया जा सके। जलापूर्ति पर चर्चा करते हुए अधिकारियों ने बताया कि पलवल और नूंह क्षेत्र में 108 गांवों में ट्यूबवेल आधारित पानी सप्लाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों में नहरी पानी की आपूर्ति की योजना भी तैयार की जाए। इसके अलावा, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मानसून से पहले बड़े स्तर पर पौधारोपण करने और उनकी देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

# दूध, पनीर और खोए के 6 सैंपल लिए गए - डॉ. जतिंदर भाटिया



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/06 मई। फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन पंजाब की कमिश्नर श्रीमती कंवलप्रीत कौर बराड़ (IAS) और डिप्टी कमिश्नर होशियारपुर श्रीमती आशिका जैन (IAS) के निर्देशों तथा सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. मनदीप कमल जी के मार्गदर्शन में, डॉ. जतिंदर भाटिया (डिज़िग्नेटेड ऑफिसर-कम-जिला स्वास्थ्य अधिकारी) की देखरेख में फूड सेफ्टी अधिकारी विवेक कुमार द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज तड़के सुबह फूड सेफ्टी टीम द्वारा कॉलेज रोड फगवाड़ा के पास रेलवे फाटक तथा शाम चौरासी से जालंधर रोड पर विशेष नाका लगाकर दूध सप्लाई करने वाले वाहनों से 6 सैंपल लिए गए। इनमें 4 दूध के, 1 पनीर का और 1 खोए का सैंपल लेकर जांच हेतु फूड लैब खरड़ भेजे गए हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी सैंपल में मानकों का उल्लंघन या मिलावट पाई जाती है, तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

Uturn Time 07 May 2026_Layout 2 5/7/2026 12:05 AM Page 2



## 15 हजार रुपये रिश्वत लेते बीडीपीओ रंगे हाथ काबू, विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई



चंडीगढ़/लुधियाना/यूटर्न/06 मई। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला लुधियाना के ब्लॉक मलौद में तैनात ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) सुखजीत कौर को 15,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। विजिलेंस प्रवक्ता के अनुसार, यह कार्रवाई गांव सोहियां निवासी की शिकायत पर की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि गांव में इंटरलॉक टाइलें बिछाने और ड्रेन निर्माण कार्य का बिल पास करने के बदले बीडीपीओ ने 15,000 रुपये की मांग की थी। मजबूरी में शिकायतकर्ता पहले 5,000 रुपये दे चुका था, जबकि शेष राशि देने का दबाव बनाया जा रहा था। इसके अलावा, खेल मैदान को समतल करने और घास लगाने के कार्य का बिल पास कराने के लिए भी आरोपी अधिकारी ने रिश्वत मांगी। शिकायतकर्ता ने बातचीत को रिकॉर्ड कर विजिलेंस से संपर्क किया। प्रारंभिक जांच के बाद टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में रिश्वत लेते हुए काबू कर लिया। आरोपी के खिलाफ विजिलेंस थाना लुधियाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की आगे जांच जारी है।

# सेंसेक्स 940 अंक उछला, निफ्टी 50 24,300 के ऊपर बंद हुआ शेयर बाजार में तेजी के मुख्य कारण बताए गए



चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क - सेंसेक्स और निफ्टी 50 - बुधवार, 6 मई को 1% से ज्यादा उछले। इसकी वजह ये रिपोर्टें थीं कि अमेरिका और ईरान अपने आपसी झगड़े को खत्म करने के लिए एक समझौते के करीब पहुँच रहे हैं। सेंसेक्स 1,000 से ज्यादा अंक, या 1% से ज्यादा उछलकर दिन के कारोबार में 78,022.78 के ऊँचे स्तर पर पहुँच गया, जबकि निफ्टी 50 ने सत्र के दौरान 24,356.50 का दिन का सबसे ऊँचा स्तर छुआ। कुछ बढ़त गंवाने के बाद, 30 शेयरों वाला यह सूचकांक 77,958.52 पर बंद हुआ, जिसमें 941 अंकों या 1.22% की बढ़त दर्ज की गई। वहीं, निफ्टी 50 298 अंकों या 1.24% की बढ़त के साथ 24,330.95 पर बंद हुआ।

बाजार में हर तरफ से खरीदारी होने से मिड-कैप और स्मॉल-कैप सेगमेंट में भी तेजी आई। इरए 150 मिडकैप इंडेक्स 1.67% उछला, जबकि इरए 250 स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.77% की जबरदस्त तेजी आई। इंटरग्लोब एविएशन (IndiGo), टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और श्रीराम फाइनेंस निफ्टी 50 इंडेक्स में सबसे ज्यादा बढ़त हासिल करने वाले शेयर रहे। इस इंडेक्स के 35 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। निवेशकों को करीब ₹6 लाख करोड़ का फायदा हुआ, क्योंकि इरए में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन पिछले सत्र के ₹467 लाख करोड़ से बढ़कर ₹473 लाख करोड़ पर पहुँच गया।

### शेयर बाजार में तेजी क्यों आई ?

आइए, शेयर बाजार में आई इस तेजी के पीछे के मुख्य कारणों पर एक नजर डालते हैं:

**1. क्या अमेरिका और ईरान के बीच समझौता होने वाला है ?**

अमेरिका और ईरान अपने आपसी झगड़े को खत्म करने के बहुत करीब पहुँच गए हैं। इसी झगड़े की वजह से एनर्जी की कीमतें काफी बढ़ गई थीं।

**2. कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट**

ब्रेंट क्रूड की कीमतें 6% गिरकर $103 प्रति बैरल के करीब पहुँच गई। इसकी वजह ये खबरें थीं कि मध्य-पूर्व का संघर्ष अब खत्म होने वाला है, जिससे स्ट्रेट ऑफ होर्मुज (Strait of Hormuz)—जो ऊर्जा आपूर्ति के लिए एक बेहद अहम जलमार्ग है—के फिर से खुलने की संभावना है।

**3. सभी सेक्टरों में बड़े पैमाने पर शॉर्ट कवरिंग**

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और भू-राजनीतिक चिंताओं में कमी के चलते, सभी सेगमेंट में शॉर्ट कवरिंग देखने को मिली, जिससे बाजार में तेजी आई।

बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा और रियल्टी इंडेक्स में 2% से ज्यादा की उछाल आई, जबकि मेटल, IT और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1% तक की बढ़त दर्ज की गई।

## शंघाई साइकिल शो 2026 : ई-बाइक और स्मार्ट टेक्नोलॉजी पर फोकस, 'द बाइसिकल मिरर' का नया अंक लॉन्च






लुधियाना/यूटर्न/06 मई। शंघाई में 5 से 8 मई 2026 तक आयोजित चाइना साइकिल शो 2026 में वैश्विक साइकिलिंग उद्योग की नई दिशा स्पष्ट रूप से सामने आई। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन (फिको) के प्रधान गुरमीत सिंह कुलार ने शो का दौरा करने के बाद बताया कि इस बार प्रदर्शनी में हाई-एंड साइकिलों और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर विशेष जोर रहा। उन्होंने कहा कि ई-बाइक भविष्य की जरूरत बन चुकी हैं और कई कंपनियों ने उन्नत इलेक्ट्रिक मॉडल पेश किए। कुलार के अनुसार, एक्सपो में उन्नत लिथियम बैटरी सिस्टम, तेज चार्जिंग तकनीक और आईओटी आधारित स्मार्ट साइकिलिंग समाधान प्रमुख आकर्षण रहे, जिनमें सेंसर, जीपीएस और कनेक्टिविटी फीचर्स शामिल हैं। इससे साफ है कि पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ परिवहन की ओर वैश्विक रुझान तेजी से बढ़ रहा है। चाइना साइकिल शो में 'द बाइसिकल मिरर' मैगजीन का नया अंक लॉन्च इसी दौरान 'द बाइसिकल मिरर' मैगजीन के नवीनतम अंक का भी भव्य विमोचन किया गया। इसका लोकार्पण ओंकार सिंह पाहवा, ऋषि पाहवा, डॉ. वांग (सीएमडी, फीनिक्स ग्रुप), जी.एस. ढिल्लों और मंदीप चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने कहा कि यह प्रकाशन उद्योग से जुड़े लोगों को नई तकनीकों और वैश्विक अवसरों की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

ੴ

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥੧॥



ਆਪ ਜੀ ਨੂੰ ਬੜੇ ਦੁਖੀ ਹਿਰਦੇ ਨਾਲ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਸਤਿਕਾਰਯੋਗ ਪਿਤਾ

**ਸ. ਮਹਿਤਾਬ ਸਿੰਘ ਖੁਰਾਣਾ**

ਜੋ 06.05.2026 (ਬੁੱਧਵਾਰ) ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਸੰਸਾਰਿਕ ਯਾਤਰਾ ਪੂਰੀ ਕਰਕੇ ਗੁਰੂ ਚਰਨਾਂ ਵਿੱਚ ਜਾ ਬਿਰਾਜੇ ਹਨ।

**ਉਹਨਾਂ ਦਾ ਅੰਤਿਮ ਸੰਸਕਾਰ**

ਮਿਤੀ 07.05.2026 ਦਿਨ ਵੀਰਵਾਰ ਨੂੰ ਦੁਪਹਿਰ 1.00 ਵਜੇ
ਸ਼ਮਸ਼ਾਨ ਘਾਟ ਮਾਡਲ ਟਾਊਨ ਐਕਸਟੈਨਸ਼ਨ ਲੁਧਿਆਣਾ ਵਿਖੇ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ

**ਦੁੱਖੀ ਹਿਰਦੇ**

ਪੁੱਤਰ: ਸ. ਇਕਬਾਲ ਸਿੰਘ ਖੁਰਾਣਾ । ਪੁੱਤਰ: ਸ. ਤਨਜੀਤ ਸਿੰਘ ਖੁਰਾਣਾ

**(ਹੈਪੀ ਖੁਰਾਣਾ ਗਾਰਮੈਂਟਸ)**

**9814117095, 9814517095**

लुधियाना यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
03 गुरूवार, 07 मई 2026



पेज 06 फिर जागा स्वास्थ्य विभाग का फूड विंग, दूध के...

# ‘कुर्सी की राजनीति में उलझा पीएयू, : छात्र परेशान, सिस्टम पर सवाल’

## वायरल चिट्ठी ने मचाया घमासान, पूर्व राज्यपाल भी नियुक्ति पर उठा चुके है सवाल

अशोक सहगल

लुधियाना यूटर्न 6 मई। पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में वर्तमान वाइस चांसलर का कार्यकाल लगभग 4 महीने रह गया बताया जाता है इसी बीच यूनिवर्सिटी कैंपस में वाइस चांसलर की एक्सटेंशन अथवा नए वाइस चांसलर की नियुक्ति को लेकर रस्सा कशी का दौर शुरू हो चुका है इसी बीच कल एक पत्र को लेकर यूनिवर्सिटी में चर्चा का आलम छाया रहा जिसमें वाइस चांसलर की नियुक्ति में राजनीतिक हस्तक्षेप को बाहर रखने को कहा गया और नियुक्ति मेरिट के आधार पर करने की मांग उक्त पत्र में की गई। वर्तमान वाइस चांसलर की नियुक्ति पंजाब के राज्यपाल द्वारा ना करके सीधे सरकार द्वारा की गई थी जिसके विरोध में पंजाब के पूर्व राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस पर एतराज जताया था उन्होंने अपने पत्र में इस नियुक्ति को गैरकानूनी मानते हुए कहा था कि इस सिलसिले में वह किसी भी तर्क को नहीं मानेंगे उन्होंने कहा था कि जब तक वॉइस ट्रांसफर की नियुक्ति नियमों अनुसार नहीं की जाती यूनिवर्सिटी का प्रभार कृषि विभाग के एडमिनिस्ट्रेटिव सचिव को सौंप दिया जाए और वाइंस चांसलर की नियुक्ति कानून अनुसार कुलपति के माध्यम से की जाए

परंतु बाद में इस मामले में राजनीति हावी होती दिखाई दी गई इसी बीच राज्य में नये राज्यपाल का आगमन हो गया और मामला कथित तौर पर गैर कानूनी होते हुए भी मान्य हो गया क्योंकि इसमें राजनीति का गहरा हस्तक्षेप था मुख्यमंत्री स्वयं नहीं चाहते थे कि वह किसी और को यहां क्नियुक्त करें और यह सिलसिला चलता रहा अब चुकी वाइस ट्रांसफर का कार्यकाल लगभग 4 महीने का रह गया है तो यूनिवर्सिटी का माहौल फिर से गर्म होना शुरू हो चुका है।







### हॉस्टल में निम्न क्वालिटी का मिलता है खाना

यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स का कहना है कि हॉस्टल में निम्न क्वालिटी का खाना मिलता है 19 अप्रैल को 15 नंबर हॉस्टल में मेस में मिलने वाले खाने में कीड़े निकल चुके हैं हॉस्टल में मिलने वाले खाने की कभी जांच नहीं कराई जाती और ना ही स्वास्थ्य विभाग यूनिवर्सिटी में आकर जल्दी खाने पीने की वस्तुओं की जांच करता है

### कैंटिनो में होती है जीएसटी की चोरी

रेंडम तौर पर की गई जांच में कई स्टूडेंट्स ने बताया कि कैफे कैंटीन में GST बिल नहीं है, PAU में खाने की रेट लिस्ट नहीं लगी है, PAU में चाय 12 रुपये की लिस्ट है लेकिन असल में 20 से 25 रुपये में बिक रही है।

### कैंटिनो के साथ वेरका के नहीं दिखाई देते स्टॉल

स्टूडेंट की सेहत का ध्यान रखते हुए निजी कैंटिनो के साथ वेरका के स्टॉल नहीं लगाए गए ताकि स्टूडेंट्स को दूध और दूध से बनी हुई वस्तुएं सुगमता से मिल सके यूनिवर्सिटी में एक जगह पर वेरका के प्रोडक्ट बिकते दिखाई देते हैं जबकि कैंटीनो के साथ इसे जगह नहीं दी गई है यूनिवर्सिटी की कैंटिनो में ट्रिस्टो कैफे – कॉफी 400 रुपये, पिज्जा 1000 रुपये जैसी खाद्य वस्तु आसानी से उपलब्ध है। यूनिवर्सिटी में कार्यरत कर्मचारियो तथा स्टूडेंट का कहना है कि यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट की सुविधाओं का कोई विशेष ध्यान नहीं रखा जाता ना तो समय-समय पर खाने पीने वाली वस्तुओं की जांच की जाती है और ना ही स्वास्थ्य विभाग को इसकी जांच करने को कहा जाता है।

### कोई हक में तो कोई विरोध में

यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों में कोई वाइस चांसलर के हक में तो कोई विरोध में दिखाई देता है कर्मचारियों का कहना है कि जैसे-जैसे समय पास आएगा स्थिति स्पष्ट होती जाएगी परंतु विरोध करने वालों का एक प्रमुख धड़ा पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर की नियुक्ति नियमानुसार करने की बात ही कह रहा है कल व्याप्त रहीची चर्चा में यह भी कहा जाता रहा की यूनिवर्सिटी में बहुत सी अपॉइंटमेंट राजनीतिक हस्तक्षेप के माध्यम से की गई है। वायरल पत्र में जो बातें उठाई गई उन में प्रमुख रूप से तीन बातें उठाई गई जो आने वाले समय में मुद्दा बन सकती है इनमें

01. सभी असिस्टेंट प्रोफेसर अपॉइंटमेंट का तुरंत, इंडिपेंडेंट रिव्यू किया जाना ताकि पूरी तरह से हेरफेर का पता चल सके।
02. इवैल्यूएशन सिस्टम, खासकर प्रेजेंटेशन और डिस्क्रिशनरी मार्क्स का पूरा ऑडिट किया जाना चाहिए ताकि यह पता लगाया जा सके कि रिजल्ट कैसे बदले गए हैं।
03. मेरिट के आधार पर सिलेक्शन तुरंत बहाल किया जाना चाहिए, किसी भी देरी से नुकसान और बढ़ेगा, और ज़िम्मेदारी मौजूदा लीडरशिप की होगी।

# लुधियाना में विकास की रफ्तार पर सवालः नई बनी सड़क फिर तोड़ने की तैयारी, डीसी सख्त

लुधियाना/यूटर्न/06 मई। नगर निगम के विकास कार्यों की तेज रफ्तार के बीच अब लापरवाही के मामले भी सामने आने लगे हैं। हंबड़ा रोड पर करीब 1 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से बनी नई सड़क को कुछ ही दिनों बाद फिर से तोड़ने की नौबत आ गई है। वजह बताई जा रही है कि यहां पानी की पाइपलाइन डालने का काम बाकी रह गया था।

इस मामले पर डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने सख्त रुख अपनाते हुए नगर निगम अधिकारियों पर नाराजगी जताई है। उन्होंने निगम कमिश्नर को पत्र लिखकर



निर्देश दिए हैं कि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो। डीसी ने यह भी माना कि पहले भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। 2027 विधानसभा चुनाव से पहले सरकार द्वारा तेजी से विकास कार्य पूरे करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन इस जल्दबाजी में कई खामियां उजागर हो रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बिना समन्वय के किए जा रहे कार्यों से जनता के टैक्स का पैसा और समय दोनों बर्बाद हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार सड़क तोड़ने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है और ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित होती है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर कितना सख्त कदम उठाता है।

# लुधियाना नगर निगम ने बिल्डिंग नियम उल्लंघन पर कसी नकेल, ए-BVMS सिस्टम लागू

लुधियाना/यूटर्न/06 मई। नगर निगम ने शहर में अवैध निर्माण और बिल्डिंग नियमों के उल्लंघन पर सख्ती बढ़ाते हुए ए-BVMS (Electronic Building Violation Management System) लागू कर दिया है। इस नई डिजिटल व्यवस्था के तहत अब मौके पर ही कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, अवैध निर्माण पाए जाने पर तुरंत POS मशीन के जरिए ऑनलाइन चालान काटा जाएगा, जिससे प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस सिस्टम के लागू होने से रिकॉर्ड पूरी तरह डिजिटल रहेगा, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या



देरी की संभावना कम होगी। साथ ही, शिकायतों के निपटारे में भी तेजी आएगी और जिम्मेदारी तय करना आसान होगा। बैठक के दौरान निगम अधिकारियों ने कहा कि शहर में बढ़ते अवैध निर्माण को रोकने के लिए यह कदम बेहद जरूरी था। ए-BVMS सिस्टम के जरिए अब फील्ड में तैनात टीमें सीधे डेटा अपडेट कर सकेंगी और कार्रवाई की निगरानी रियल टाइम में की जाएगी। नगर निगम का मानना है कि इस पहल से बिल्डिंग नियमों का सख्ती से पालन होगा और शहर में अवैध निर्माण पर प्रभावी रोक लगेगी। वहीं, आम जनता को भी पारदर्शी और त्वरित कार्रवाई का लाभ मिलेगा।

# अलमारी से लाखों के जेवर व नकदी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद



पंचकूला/यूटर्न/06 मई। जिले में घर में घुसकर चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात और नकदी भी बरामद की है।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार, 25 अप्रैल को गांव अलीपुर निवासी रणजीत सिंह ने पुलिस चौकी रामगढ़ में शिकायत दी थी कि देर रात करीब 1:30 बजे अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुसकर अलमारी से सोने का मंगलसूत्र, झुमके, अंगूठी, चांदी के कंगन व पायल समेत करीब 20 हजार रुपये नकद चोरी कर फरार हो गया। शिकायत के आधार पर थाना चंडीमंदिर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने इंचार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में तकनीकी जांच और गहन पड़ताल के बाद 3 मई 2026 को आरोपी रामशरण उर्फ सन्नी, निवासी अलीपुर इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला को गिरफ्तार किया।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि आरोपी को 4 मई को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात और 10 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। डीसीपी ने कहा कि जिले में अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# पंचकूला नगर निगम चुनाव: निष्पक्ष और सुरक्षित मतदान के लिए पुलिस मुस्तैद

## शहर भर में फ्लैग मार्च और नाकेबंदी से असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी

- चुनाव प्रक्रिया के दौरान बाधा डालने वाले या आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा: पुलिस कमिश्नर





पंचकूला/यूटर्न/06 मई। आगामी 10 मई को होने वाले पंचकूला नगर निगम चुनाव को लेकर जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद और अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है। चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह से निष्पक्ष, सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के संकल्प के साथ पुलिस ने अपनी कमर कस ली है। इसी कड़ी में आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जो के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आम जनता के मन में सुरक्षा का भाव पैदा करना और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले असामाजिक तत्वों को यह स्पष्ट संदेश देना था कि पुलिस की नजर हर गतिविधि पर है।

सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने के लिए पंचकूला पुलिस ने इंटर-स्टेट नाकों और शहर के प्रमुख प्रवेश द्वारों पर चौकसी बढ़ा दी है। चेकिंग पॉइंट्स पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अवैध सामग्री या चुनाव को प्रभावित करने वाली वस्तुओं के आवागमन को रोका जा सके। पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज ने कड़े शब्दों में हिदायत दी है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान बाधा डालने वाले या आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को चिन्हित किया जा रहा है और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

वहीं डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने नागरिकों से इस लोकतांत्रिक महापर्व को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर बिल्कुल भी ध्यान न दें। डीसीपी ने जोर देकर कहा कि सजग नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव हैं अत: यदि किसी भी व्यक्ति को कोई संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति नजर आता है, तो वे बिना देरी किए पुलिस के इमरजेंसी नंबर डायल 112 पर सूचना दें।

# 9 मई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर /यूटर्न/06 मई। जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी, होशियारपुर की ओर से 9 मई को जिला एवं सब-डिवीजन स्तर पर वर्ष 2026 की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-चेयरमैन, जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी रजिंदर अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। सीजेएम-कम-सचिव जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी नीरज गोयल ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल मामले, किराया संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, राजस्व मामले, धारा 138 नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के मामले, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, बैंक मामले (लंबित एवं प्री-लिटिगेटिव), टेलीकॉम कंपनियों से संबंधित मामले, बिजली एवं पानी/स्वच्छता बिलों से जुड़े प्री-लिटिगेटिव मामले (गैर-समझौता योग्य मामलों को छोड़कर) सहित अन्य मामलों का निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित मामलों के साथ-साथ प्री-लिटिगेटिव मामलों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। सीजेएम-कम-सचिव जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी नीरज गोयल ने आम जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक अपने मामलों को लोक अदालत में लगाएं। उन्होंने बताया कि लोक अदालतों के माध्यम से मामलों का त्वरित निपटारा होता है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। साथ ही, लोक अदालत के फैसले को दीवानी डिक्री के समान मान्यता प्राप्त होती है। सीजेएम-कम-सचिव, जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी, जानकारी देते हुए बताया कि जिन व्यक्तियों के ट्रैफिक चालान अदालतों में लंबित हैं, वे 09 मई की राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मामलों को शामिल कर सकते हैं।

# विद्यालय प्रबंधन समितियों की सशक्त भूमिका से शिक्षा व्यवस्था को मिलेगा नया आयाम- शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा

चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में ₹विद्यालय प्रबंधन समितियों के लिए दिशा-निर्देश-2026₹ का शुभारंभ किया। इस आयोजन में हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा वर्चुअल जुड़े। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने बताया कि 'समग्र शिक्षा योजना' के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन शिक्षा के भविष्य के नजरिये से कारगर है। उन्होंने कहा कि ये समितियां केवल कागजी निकाय नहीं हैं, बल्कि शिक्षा के स्तर को धरातल पर सुधारने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है।



मंत्री ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समितियों में स्थानीय अधिकारियों के प्रतिनिधि, प्रख्यात शिक्षाविद, विषय विशेषज्ञ और विशेष रूप से वंचित समूहों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा, छात्रों के माता-पिता की भागीदारी इसे और अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाती है। उन्होंने कहा कि एसएमसी एक महत्वपूर्ण वैधानिक निकाय के रूप में कार्य करती हैं। यह एक ऐसा मंच है जहां अभिभावक, शिक्षक और समुदाय के सदस्य मिलकर विद्यालय के प्रभावी संचालन के लिए साझा रणनीति तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय नियोजन, संसाधनों के उचित आवंटन और छात्रों के अधिगम परिणामों में सुधार के लिए समितियों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। यह तंत्र न केवल बुनियादी ढांचे की निगरानी करता है, बल्कि छात्रों के समग्र कल्याण को भी सुनिश्चित करता है। श्री ढांडा ने जानकारी दी कि विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, समग्र शिक्षा और आरटीई अधिनियम, 2009 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए इन समितियों की स्थापना और कार्यप्रणाली को और अधिक मजबूत किया है। बैठक के दौरान श्री ढांडा ने केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान से विभिन्न शैक्षिक पहलुओं पर मार्गदर्शन भी प्राप्त किया और विश्वास दिलाया कि हरियाणा सरकार प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

Uturn Time 07 May 2026_Layout 2 5/7/2026 12:05 AM Page 5





पेज 12 बंगाल में BJP की एंट्री... बुलडोजर एक्शन शुरू...

# बम धमाके हुए, फिर शुरू हुआ आरोप-प्रत्यारोप का खेल: पंजाब का 'सियासी खेल' धमाके के साथ शुरू

चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। दो शहरों में मिलिट्री कॉम्प्लेक्स के बाहर दो धमाके हुए, कोई हताहत नहीं हुआ—लेकिन कुछ ही मिनटों में सियासी शोर अपने चरम पर पहुँच गया। पंजाब में, अभी धुएँ का गुबार ठीक से छँटा भी नहीं होता कि आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो जाता है। ये धमाके इस बात की याद दिलाते हैं कि एक सीमावर्ती राज्य में, जिसका इतिहास काफी तनावपूर्ण रहा है, छोटी-मोटी घटनाएँ भी बड़े सियासी मायने रख सकती हैं। किसी के हताहत न होना राहत की बात है, लेकिन मिलिट्री और पैरामिलिट्री कॉम्प्लेक्स के आस-पास के इलाकों को निशाना बनाने के इस कदम को हल्के में नहीं लिया जा सकता। उतनी ही चिंता की बात यह भी है कि इन घटनाओं को कितनी तेजी से सियासी अखाड़े में घसीट लिया गया।




## जालंधर धमाका

पहला धमाका सोमवार रात करीब 8 बजे जालंधर में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (BSF) के कॉम्प्लेक्स के बाहर हुआ। एक सिक्योरिटी कैमरे में यह घटना और उससे उठता धुएँ का गुबार कैद हो गया, जबकि एक व्यक्ति जान बचाने के लिए भागता हुआ दिखा। इस धमाके में एक स्कूटर पूरी तरह से उड़ गया, आस-पास की दुकानों और एक ट्रैफिक सिग्नल को भी नुकसान पहुँचा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'खालिस्तान लिबरेशन आर्मी' (KLA) ने जालंधर धमाके की ज़िम्मेदारी ली है। ङछअ पंजाब में सक्रिय एक हथियारबंद अलगाववादी संगठन है, जिसके समर्थक कनाडा और पाकिस्तान जैसे देशों में भी होने का दावा किया जाता है।

## अमृतसर धमाका

जालंधर की घटना के कुछ ही घंटों बाद, अमृतसर शहर में अधिकारियों ने एक आर्मी कैंप के बाहर जोरदार धमाके जैसी आवाज सुनने की जानकारी दी।
भारतीय मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, अमृतसर के ग्रामीण क्षेत्र के सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (SSP) ने बताया कि धमाके वाली जगह पर बाउंड्री वॉल में धातु की चादर जैसे कुछ टुकड़े धँसे हुए मिले हैं।

इन घटनाओं के बाद सियासी पारा तुरंत चढ़ गया; मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इन धमाकों के लिए BJP को ज़िम्मेदार ठहराते हुए, इन्हें 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों की कथित तैयारियों से जोड़ दिया।
पंजाब BJP के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने पलटवार करते हुए मान के बयान को 'गैर-ज़िम्मेदाराना' और 'घबराहट में दिया गया बयान' करार दिया।
केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने मान को चुनौती दी कि अगर उनके आरोपों में सच्चाई है, तो वे BJP के खिलाफ FIR दर्ज करवाएँ। हरदीप पुरी ने भी मान के बयान की आलोचना की। अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में 'कानून-व्यवस्था' एक अहम मुद्दा होगा, जिसे राज्य सरकार को बेहद सूझबूझ के साथ संभालना होगा।

# ऑपरेशन थाना पुलिस ने किया इंटरस्टेट गैंग का पदार्फाश, अवैध हथियारों के साथ 5 आरोपी पकड़े

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। शहर में संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़ पुलिस के ऑपरेशन सेल ने गैंगस्टरों के एक सक्रिय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन में 5 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों की पहचान संजू कांचा, अनस रईन, बलवंत, रंजीत और सुभाष के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामलों में पहले से शामिल रहे हैं और लंबे समय से पुलिस की रडार पर थे।




## हथियारों का जखीरा बरामद

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 4 सेमी-ऑटोमैटिक हथियार, एक देसी कट्टा, 9 जिंदा कारतूस और एक फोर्ड फिगो कार बरामद की है। पुलिस के अनुसार, बरामद हथियारों का इस्तेमाल बड़ी आपराधिक वारदातों में किया जाना था।

## इंटरनेशनल लिंक भी आया सामने

जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि आरोपी अनस रईन का संपर्क पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर सहजाद भट्टी से था। वह सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आकर ट्राईसिटी क्षेत्र में हथियारों की सप्लाई करता था। वहीं बलवंत इस नेटवर्क का अहम कड़ी था, जो हथियारों की डिलीवरी और वितरण का काम संभालता था।

## छापेमारी और तकनीकी जांच से मिली सफलता

इंस्पेक्टर सतविंदर के नेतृत्व में ऑपरेशन सेल की टीम ने लगातार छापेमारी, निगरानी और तकनीकी विश्लेषण के जरिए इस नेटवर्क का खुलासा किया। यह पूरी कार्रवाई डीआईजी यूटी चंडीगढ़ राजीव रंजन सिंह, एसपी ऑपरेशंस गीतांजलि खंडेलवाल के निदेशों और डीएसपी ऑपरेशंस विकास श्योकंद के मार्गदर्शन में अंजाम दी गई। पुलिस के अनुसार 18 अप्रैल को सेक्टर-38 क्षेत्र में गश्त के दौरान संजू कांचा को एक पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में उसके जरिए पूरे नेटवर्क की कड़ियां सामने आईं। इसके बाद 1 मई को सेक्टर-45 के पास पीछा कर बलवंत को पकड़ा गया। बाद में रंजीत और सुभाष को भी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि सुभाष एक शूटर का सहयोगी (फुट सोल्जर) है, जबकि रंजीत हत्या के प्रयास के मामले में वांछित था।

## कई पुराने मामलों में शामिल रहे आरोपी

गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इनके नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों और संभावित साजिशों की जांच में जुटी है।

## जीरो टॉलरेंस नीति पर सख्ती

चंडीगढ़ ऑपरेशन थाना पुलिस ने साफ किया है कि अवैध हथियारों और संगठित अपराध के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई से ट्राईसिटी में बड़े आपराधिक नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है और संभावित वारदातों को समय रहते टाल दिया गया है।

# भविष्य को आकार देने की पहल: BCM आर्य स्कूल लालटन में करियर गाइडेंस सेशन आयोजित

लुधियाना/यूटर्न/06 मई। ललतों इउट आर्य स्कूल में कक्षा कसे क्कतक के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष करियर गाइडेंस सेशन का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को उनके भविष्य के शैक्षणिक और करियर विकल्पों के बारे में सही मार्गदर्शन देना था, ताकि वे समय रहते सही निर्णय ले सकें। स्कूल की प्रिंसिपल कृतिका सेठ ने अपने संबोधन में प्रारंभिक स्तर पर करियर जागरूकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सही समय पर सही दिशा मिलने से छात्र अपने लक्ष्य को बेहतर ढंग से हासिल कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार स्ट्रीम चुनने की सलाह दी।

इस सत्र का संचालन TIG EdTech की विशेषज्ञ टीम— उर्वी वशिष्ठ, जयदीप बोथरा और हर्षिता—द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों, स्ट्रीम चयन और उवएळ व उछअळ जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इंटरएक्टिव तरीके से आयोजित इस सेशन में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए। यह पहल छात्रों को आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य की दिशा तय करने में सहायक सिद्ध हुई।

# डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल पुलिस ने चेन स्नैन्चिंग मामले में दो आरोपी को दबोचा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। जिला क्राइम सेल चंडीगढ़ पुलिस ने चेन स्नैचिंग की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर स्नैचरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ थाना सेक्टर-39 के दो मामलों को सुलझा लिया गया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई एसएसपी कंवरदीप कौर के निदेर्शों और डीएसपी क्राइम सेल विजय के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर चिरंजी लाल की टीम ने की।




गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सतनाम सिंह उर्फ तोता निवासी रोपड़ और जितेंद्र उर्फ जॉनी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो सोने की चेन और वारदात में इस्तेमाल की गई बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की है। पहला मामला 1 अप्रैल का है, जिसमें सेक्टर-40 की रहने वाली 67 वर्षीय महिला की सोने की चेन स्नैचिंग की गई थी। वहीं, दूसरा मामला 17 अप्रैल का है, जब सेक्टर-41 के बाहर एक महिला से दिनदहाड़े चेन छीन ली गई थी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 23 अप्रैल को दोनों आरोपियों को सेक्टर-40 के पास से गिरफ्तार किया। बाद में पूछताछ के दौरान दूसरे मामले में भी उनकी संलिप्तता सामने आई।

## ड्रग्स के लिए करते थे वारदात

जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी नशे के आदी हैं और अपनी लत पूरी करने के लिए चोरी और स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस से बचने के लिए वे मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करते थे और वारदात के समय बाइक की नंबर प्लेट छिपा लेते थे।

## पुराने अपराधी हैं आरोपी

पुलिस के मुताबिक, सतनाम सिंह पहले भी 15 से अधिक मामलों में गिरफ्तार हो चुका है, जबकि जितेंद्र के खिलाफ भी स्नैचिंग, चोरी और एनडीपीएस एक्ट के तहत कई केस दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की अन्य वारदातों में संलिप्तता की जांच की जा रही है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा।

Uturn Time 07 May 2026_Layout 2 5/7/2026 12:05 AM Page 6



# नगर निकाय चुनाव: मतदाताओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम, दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों पर विशेष फोकस

चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर मतदाताओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग के प्रवक्ता के अनुसार, मतदान केंद्रों पर ऐसा वातावरण बनाया जाएगा, जिससे हर मतदाता को सुगम और व्यवस्थित मतदान का अनुभव मिल सके। निर्देशों के तहत सभी उपायुक्तों और संबंधित अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर स्पष्ट साइनज, हेल्प डेस्क, पेयजल, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। विशेष रूप से दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं और अस्वस्थ मतदाताओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएं दी जाएंगी। उनके लिए रैंप, व्हीलचेयर और अलग कतारों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

महिलाओं की सुविधा और गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए महिला स्टाफ की तैनाती और पृथक कतारों का प्रावधान किया जाएगा। इसके अलावा, मतदान केंद्रों पर प्राथमिक उपचार की सुविधा और




जरूरत पड़ने पर पैरामेडिकल स्टाफ भी मौजूद रहेगा। भीड़भाड़ वाले केंद्रों पर अतिरिक्त स्टाफ, वाहन और एनसीसी-एनएसएस स्वयंसेवकों की मदद से व्यवस्था बनाए रखी जाएगी। प्रत्येक जिले में एक नोडल अधिकारी निगरानी करेगा, ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# फिर जागा स्वास्थ्य विभाग का फूड विंग, दूध के 12 सैंपल लिए गए

सहगल

लुधियाना/यूटर्न/06 मई। स्वास्थ्य विभाग के फूड विंग ने अपनी कुंभ करनी नींद को भंग करते हुए आज दूध के 12 सैंपल लेकर उसे जांच के लिए भेजा है यह जांच पंजाब के फूड सेफ्टी कमिश्नर द्वारा दिए गए निदेशों के तहत बताई जाती है जिसमें लुधियाना जिले में सुबह और शाम दूध की सप्लाई की जांच करने को कहा गया बताया जाता है की जांच को उद्देश्य दूध में मिलावट को रोकना है परंतु विशेषज्ञों का कहना है कि हफ्तों बाद की गई जांच से मिलावट को कैसे रोका जा सकता है

जानकारी देते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राज्य-स्तरीय अभियान के तहत टीम द्वारा शहर के विभिन्न प्रवेश बिंदुओं पर नाके लगाकर दूध की आपूर्ति की गहन जांच की गई। उन्होंने बताया कि सुबह की जांच


नाका लगाकर दूध के सैंपल लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम

के दौरान 4 खुले दूध के सैंपल लिए गए, जबकि शाम को हम्ब्रा रोड और हैबोवाल में नाका लगाकर 8 अन्य सैंपल लिए गए। इस प्रकार दिन भर में कुल 12 सैंपल एकत्रित किए गए।

डॉ. चावला ने जोर देकर कहा कि सुबह और शाम दोनों समय जांच करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि दूध की आपूर्ति दिनभर जारी रहती है और इससे विभिन्न स्तरों पर मिलावट को रोकने में मदद मिलती है।

उन्होंने बताया कि सभी सैंपल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार एकत्रित कर विधिवत सील किए गए हैं और निर्धारित समय के भीतर मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में जांच हेतु भेज दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला रिपोर्ट के आधार पर किसी भी उल्लंघन की स्थिति में कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी फूड बिजनेस ऑपरेटरों के लिए के दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है, जिसमें स्वच्छता बनाए रखना, दूध का उचित रख-रखाव और सुरक्षित परिवहन शामिल है।

## रूह से रूबरू




चारु नागपाल

### समाज में अराजकता क्यों बढ़ती जा रही है?

समाज में बढ़ती अराजकता आज एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। इसके पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं। सबसे पहला कारण है नैतिक मूल्यों का पतन। पहले लोग सत्य, ईमानदारी और अनुशासन को महत्व देते थे, लेकिन आज भौतिकवाद और स्वार्थ ने इन मूल्यों को पीछे छोड़ दिया है। लोग अपने फायदे के लिए गलत रास्तों का सहारा लेने लगे हैं।

दूसरा कारण है शिक्षा की कमी या शिक्षा का केवल औपचारिक होना। शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित हो गई है, जबकि वास्तविक शिक्षा हमें अच्छे संस्कार और जिम्मेदारी का भाव सिखाती है। जब यह कमी होती है, तो व्यक्ति समाज के नियमों की अनदेखी करने लगता है।

तीसरा कारण है बेरोजगारी और आर्थिक असमानता। जब युवाओं को रोजगार नहीं मिलता, तो वे गलत गतिविधियों की ओर आकर्षित हो सकते हैं, जिससे समाज में अशांति बढ़ती है। इसके अलावा, कानून व्यवस्था की कमजोर पकड़ भी अराजकता को बढ़ावा देती है। अंत में, समाज में अराजकता को रोकने के लिए हमें नैतिक शिक्षा, सख्त कानून और समान अवसरों की आवश्यकता है। जब हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझेगा, तभी समाज में शांति और व्यवस्था स्थापित हो सकेगी।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

### Mutual Divorce में 6 महीने का Cooling-Off Period क्या होता है?


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Mutual Divorce के मामलों में अक्सर "6 महीने का Cooling-Off Period" सुनने को मिलता है, लेकिन इसका सही अर्थ और महत्व समझना जरूरी है। जब पति और पत्नी आपसी सहमति से तलाक की याचिका (joint petition) दाखिल करते हैं, तो कानून एक समय अवधि देता है, जिसे Cooling-Off Period कहा जाता है। इसका उद्देश्य यह होता है कि दोनों पक्ष अपने निर्णय पर पुनर्विचार (rethink) कर सकें और यदि संभव हो तो संबंध को बचाने का प्रयास कर सकें।

यह अवधि सामान्यत: 6 महीने की होती है, जिसके बाद दोनों पक्ष फिर से अदालत में उपस्थित होकर अपना अंतिम बयान (second motion) देते हैं। इसके बाद ही तलाक का आदेश पारित होता है।

हालांकि, यह अवधि हर मामले में अनिवार्य (mandatory) नहीं है। उच्चतम न्यायालय के निदेशों के अनुसार, यदि अदालत को यह लगता है कि दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोई संभावना नहीं है और सभी विवाद—जैसे maintenance, custody आदि—पहले ही सुलझ चुके हैं, तो यह अवधि कम या समाप्त (waive) भी की जा सकती है। कई लोग यह मान लेते हैं कि हर mutual divorce में 6 महीने का इंतजार जरूरी है, जबकि परिस्थितियों के आधार पर इसमें छूट मिल सकती है। यह भी जरूरी है कि दोनों पक्ष इस अवधि के दौरान अपने निर्णय पर स्पष्ट और स्थिर रहें, क्योंकि इसी के आधार पर अंतिम आदेश पारित होता है।

निष्कर्ष: Cooling-Off Period का उद्देश्य जल्दबाजी में लिए गए निर्णय को रोकना है, लेकिन जहां समझौते की कोई संभावना नहीं हो, वहां अदालत इसे कम भी कर सकती है।

# सीटी यूनिवर्सिटी में फिर हादसा: दूसरी मंजिल से गिरी छात्रा, हालत स्थिर; प्रबंधन पर उठे सवाल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/मई। लुधियाना-फिरोजपुर मुख्य मार्ग पर स्थित सीटी यूनिवर्सिटी एक बार फिर सुर्खियों में है। यूनिवर्सिटी की दूसरी मंजिल से गिरकर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा नवदीप कौर (20) गंभीर रूप से घायल हो गई है। छात्रा को प्राथमिक उपचार के बाद लुधियाना रेफर कर दिया गया है। गौरतलब है कि इसी यूनिवर्सिटी में पिछले कुछ महीनों में यह इस तरह की दूसरी बड़ी घटना है।

### सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल: इतिहास दोहराया गया?

यह घटना इसलिए भी गंभीर है क्योंकि इसी साल फरवरी महीने में इसी यूनिवर्सिटी की बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा शबनूर की भी दूसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई थी।

**बड़ा सवाल:** एक ही साल में दो छात्राओं का बिल्डिंग से गिरना महज इत्तेफाक है या यूनिवर्सिटी परिसर में सुरक्षा इंतजामों की भारी कमी? स्थानीय लोगों और छात्रों में इस बात को लेकर काफी रोष है कि बार-बार होने वाले इन हादसों के बावजूद सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए गए। इनके अलावा पहले भी यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट के साथ कई बार हादसे हो चुके हैं।

### हादसे का विवरण

घायल छात्रा की पहचान नवदीप कौर पुत्री हरपाल सिंह के रूप में हुई है, जो मोगा के गांव धर्म सिंह वाला की रहने वाली है। मिली जानकारी के अनुसार, नवदीप आज यूनिवर्सिटी की मुख्य बिल्डिंग की दूसरी मंजिल से अचानक नीचे गिर गइ

### चिकित्सकों की राय

जगरांव सिविल अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में तैनात डॉक्टर ने बताया कि : छात्रा की दोनों टांगों में गंभीर फ्रैक्चर हुआ है। चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे लुधियाना रेफर कर दिया गया है।

### यूनिवर्सिटी प्रशासन का पक्ष

सीटी यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट वेलफेयर डायरेक्टर धर्मेंद्र सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा नवदीप कौर को चोटें लगी हैं। उन्होंने बताया कि छात्रा फिलहाल उपचाराधीन है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रशासन मामले की छानबीन कर रहा है कि आखिर यह हादसा हुआ कैसे।

**क्या कहना है संबंधित चौकी इंचार्ज का:-** यूनिवर्सिटी में हुई इस घटना के बारे में गांव चौकीमान में बनी चौकी के इंचार्ज रणधीर सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी में जो घटना आज हुई है उसकी अनाधिकारी सूचना प्राप्त हुई थी जिसके आधार पर हम यूनिवर्सिटी में जांच करने पहुंचे हैं और यूनिवर्सिटी में लगे कैमरा को खंगाल जा रहा है। फिलहाल यूनिवर्सिटी से कोई अधिकार तौर पर इसकी शिकायत पुलिस को नहीं दी गई।

# सुनील कपूर के पीपीएससी सदस्य बनने पर एस एस खुराना ने दी बधाई

लुधियाना/यूटर्न/06 मई। लुधियाना वेस्ट से आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सुनील कपूर को हाल ही में पंजाब सरकार द्वारा पंजाब पब्लिक सर्विस कमिशन (पी.पी.एस.सी.) का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया ने एक औपचारिक समारोह के दौरान उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।सुनील कपूर एक अनुभवी जनप्रतिनिधि रहे हैं और इससे पहले पार्षद के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनका राजनीतिक व पारिवारिक पृष्ठभूमि भी काफी मजबूत रहा है। उनके



दादा सरदारी लाल कपूर पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं, जिससे उन्हें प्रशासनिक और जनसेवा का व्यापक अनुभव विरासत में मिला है।इस खास मौके पर अंसल एस्टेट के प्रमुख समाजसेवी एस. एस. खुराना ने सुनील कपूर को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुनील कपूर अपने अनुभव, ईमानदारी और कार्यकुशलता के बल पर पी.पी.एस.सी. की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनहितकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। खुराना ने आगे कहा कि पंजाब पब्लिक सर्विस कमिशन राज्य की एक अत्यंत महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था है, जो योग्य और प्रतिभाशाली युवाओं को सरकारी सेवाओं में अवसर प्रदान करती है। ऐसे में सुनील कपूर जैसे अनुभवी और समर्पित व्यक्ति की नियुक्ति आयोग की साख और कार्यक्षमता को और मजबूत करेगी।समारोह में विभिन्न गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे और सभी ने सुनील कपूर को इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

# शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने प्राचार्या अमिता दहिया को दिया प्रशंसा पत्र

लुधियाना/यूटर्न/06 मई। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने टैगोर पब्लिक स्कूल, अग्र नगर, लुधियाना की प्राचार्या अमिता दहिया को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया। यह सम्मान उन्हें उनके प्रभावशाली शैक्षणिक नेतृत्व और नवाचारपूर्ण कार्यों के लिए दिया गया। माननीय मुख्यमंत्री से पूर्व में भी सम्मान प्राप्त कर चुकीं प्राचार्या



अमिता दहिया ने अपने 17 वर्षों से अधिक के समृद्ध एवं अंतरराष्ट्रीय अनुभव के माध्यम से शिक्षा जगत में विशेष पहचान बनाई है। वे एक दूरदर्शी, कर्मठ और समर्पित शिक्षाविद के रूप में जानी जाती हैं।

अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विद्यालय में समग्र शिक्षा प्रणाली, नैतिक मूल्यों और आधुनिक नवाचार की मजबूत संस्कृति विकसित की है, जिससे छात्रों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिली है। उनके नेतृत्व में विद्यालय ने अनेक शैक्षणिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

उनके योगदान के लिए उन्हें पहले भी कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। हाल ही में मिले इस सम्मान पर उन्होंने इसे अपनी टीम, अपने परिवार तथा विशेष रूप से अपने पति—जो लुधियाना में जीएसटी इंटेलिजेंस के आयुक्त हैं—और अपनी पुत्रियों को समर्पित किया।

# नगर परिषद चुनाव : वार्ड नंबर 3 में अकाली दल की हुंकार, बीबी गुरप्रीत कौर के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/मई। नगर परिषद चुनावों को लेकर वार्ड नंबर 3 में शिरोमणि अकाली दल द्वारा आयोजित एक विशाल सभा ने इलाके के सियासी समीकरण बदल दिए हैं। इस 'जोशीले इकट्ठा' में उमड़ी भारी भीड़ और विशेषकर युवाओं के उत्साह ने यह साफ कर दिया है कि इलाके में बदलाव की लहर तेज हो चुकी है।

**उम्मीदवारी का ऐलान:** नए चेहरे पर भरोसा सभा के दौरान शिरोमणि अकाली दल के हल्का इंचार्ज एस.आर कलेर ने वार्ड नंबर 3 से बीबी गुरप्रीत कौर के नाम की आधिकारिक घोषणा की। बीबी गुरप्रीत कौर, अकाली दल के शहरी सर्कल प्रधान और ईमानदार छवि के नेता चरणजीत सिंह चीनू की धर्मपत्नी हैं। टिकट की घोषणा होते ही समर्थकों ने जोरदार नारों और उत्साह के साथ अपनी खुशी जाहिर की।

**विकास और ईमानदारी का वादा:** मंच से जनता को संबोधित करते हुए बीबी गुरप्रीत कौर ने विश्वास दिलाया कि उनकी प्राथमिकता वार्ड का सर्वांगीण विकास और एक पारदर्शी प्रशासनिक प्रणाली स्थापित



करना होगी। उन्होंने कहा: ₹नई सोच और नई ऊर्जा के साथ हम वार्ड नंबर 3 को विकास की नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। जनता के साथ किया गया हर वादा पूरी ईमानदारी से निभाया जाएगा।

## दिग्गज नेताओं की मौजूदगी

इस चुनावी जनसभा में शिरोमणि अकाली दल के कई वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत कर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया, जिनमें भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल SGPC सदस्य, कमलजीत सिंह मल्ला पूर्व चेयरमैन, दविंदरजीत सिंह सिद्धू सीनियर उप-प्रधान नगर परिषद, दीपिंदर सिंह भंडारी व हरदेव सिंह बॉबी वरिष्ठ अकाली नेता, गुरदीप सिंह दुआ और गगनदीप सिंह सरना युवा नेता।

निष्कर्ष: वार्ड नंबर 3 में अकाली दल के इस शक्ति प्रदर्शन ने विरोधियों के लिए कड़ी चुनौती पेश कर दी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि बीबी गुरप्रीत कौर की उम्मीदवारी से चुनाव अब बेहद दिलचस्प मोड़ पर आ गया है।

# एडीसी पूनम सिंह के सख्त निर्देश: गेहूं कटाई के अंतिम चरण में पराली जलाने की एक भी घटना न हो



लुधियाना/यूटर्न/06 मई। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) पूनम सिंह ने जिले में गेहूं कटाई के अंतिम चरण के दौरान पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन महत्वपूर्ण दिनों में पराली जलाने की एक भी घटना सामने नहीं आनी चाहिए और इसके लिए सभी संबंधित विभाग पूरी सतर्कता बरतें। एडीसी ने कृषि एवं किसान कल्याण, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्व, पुलिस, पंचायत, मंडी बोर्ड और सहकारी विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि इस वर्ष लगभग 2.38 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की खेती हुई है। ऐसे में कटाई के अंतिम चरण में निगरानी बेहद जरूरी है। उन्होंने एसडीएम और नोडल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखने और किसी भी उल्लंघन पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जीरो-टॉलरेंस नीति अपनाने पर जोर देते हुए विभागों के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता बताई। इसके साथ ही, किसानों को जागरूक करने के लिए कैंप, मोबाइल वैन और सूचना सामग्री के माध्यम से अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने किसानों को वैज्ञानिक तरीकों से फसल अवशेष प्रबंधन में सहायता देने का भरोसा भी जताया।

# राइटर डायरेक्टर कंवरबीर सिंह से उनकी मेहनत और उपलब्धियों के बारे में भी की गई विशेष बातचीत



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/06 मई। कंवरबीर सिंह के साथ एक महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक बातचीत की। कंवरबीर सिंह वर्तमान में रूपनगर में पर्यटन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं और इसके साथ ही आनंदपुर साहिब, होशियारपुर और नंगल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं। बातचीत के दौरान कंवरबीर सिंह ने अपने जीवन का मूल मंत्र 'सकारात्मक सोच रखें और हर किसी को सही मार्गदर्शन दें' साझा किया, जो उनके पेशेवर और व्यक्तिगत दृष्टिकोण को दशार्ता है। उन्होंने बताया कि उनकी रुचियों में गीत लेखन भी शामिल है, जिसके माध्यम से वे समाज को सार्थक और सकारात्मक संदेश देने का प्रयास करते हैं। कंवरबीर सिंह ने जोर देते हुए कहा कि गीतकारों को अपने गीतों में हथियारों और हिंसा को बढ़ावा देने से बचना चाहिए और इसके बजाय रचनात्मक व सकारात्मक संदेशों को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने स्वयं को एक रोमांटिक गीतकार बताया और खुलासा किया कि वे अब तक 100 से अधिक गीत लिख चुके हैं। उनके गीतों पर आधारित लगभग 15 म्यूजिक वीडियो तैयार हो रहे हैं, जिन्हें जल्द ही विभिन्न म्यूजिक कंपनियों द्वारा रिलीज किया जाएगा। संगीत उद्योग में हो रहे बदलावों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) अब एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिससे दर्शकों की पसंद के अनुसार संगीत तैयार करना आसान हो गया है। हालांकि, उनका मानना है कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता और सच्ची लगन हमेशा सफलता दिलाती है।

# सेक्टर-47 में पुलिस-व्यापारियों की बैठक, अपराध नियंत्रण व ट्रैफिक व्यवस्था पर जोर



चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। सेक्टर-47 स्थित मार्केट में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर हरिओम शर्मा ने मार्केट कमेटी के व्यापारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था और कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में इंस्पेक्टर हरिओम शर्मा ने व्यापारियों से अपील की कि वे बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और दुकानों के बाहर निर्धारित सीमा से अधिक सामान न रखें, ताकि जाम की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा व्यापारियों की सुरक्षा और सहायता के लिए तत्पर है। साथ ही असामाजिक तत्वों, नशा तस्करी या अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

उन्होंने बताया कि शहर के प्रमुख चौकों पर लगे सीसीटीवी कैमरे सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। बैठक में रात के समय दुकानों की सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

मार्केट कमेटी के प्रधान जगजीत सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग दिया जाता रहा है और आगे भी दिया जाएगा। वहीं, समाजसेवी एवं कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष बलविंदर सिंह बल्ली ने रात्रि गश्त और चेकिंग बढ़ाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में चोरी, मोबाइल स्नैचिंग और चाकूबाजी की घटनाओं में बढ़ोतरी से व्यापारियों में चिंता है। समाजसेवी विनायक भंगिया ने बताया कि बैठक में उठाए गए मुद्दों के शीघ्र समाधान का आश्वासन मिला है। इस मौके पर सीनियर कांस्टेबल सुशील कुमार, कांस्टेबल नवदीप, जगतजीत सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी और व्यापारी भी मौजूद रहे।

# जनगणना सर्वे 2026 की तैयारियों की समीक्षा, समन्वय और समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर



चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। नगर निगम चंडीगढ़ के जॉइंट कमिश्नरों ने आगामी जनगणना सर्वे 2026 की तैयारियों और क्रियान्वयन रणनीति को लेकर एक व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता डॉ. हिमांशु गुप्ता और डॉ. इंदरजीत, चार्ज अधिकारी-6 सह संयुक्त आयुक्त-कएवं क्क ने की। इसमें संबंधित वार्डों के सुपरवाइजर्स ने भाग लिया।

बैठक के दौरान सुपरवाइजर्स ने सर्वे की तैयारी के दौरान आ रही जमीनी चुनौतियों और संचालन से जुड़ी समस्याओं को उठाया। इस पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संयुक्त आयुक्तों ने आश्वासन दिया कि तकनीकी सहायता टीम हर समय उपलब्ध रहेगी, ताकि फील्ड स्तर पर आने वाली दिक्कतों का तुरंत समाधान किया जा सके।

अधिकारियों ने समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए सुपरवाइजर्स को अपने-अपने क्षेत्रों के पार्षदों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखने की सलाह दी, ताकि समस्याओं का शीघ्र समाधान हो और सर्वे कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

उन्होंने कहा कि विभागों के बीच मजबूत तालमेल और सक्रिय संवाद ही सटीक व विश्वसनीय आंकड़ों के संकलन में अहम भूमिका निभाएंगे।

# शिवालिक विहार में दिनदहाड़े चोरी, नकदी व गहनों समेत गैस सिलेंडर ले उड़े चोर

## घर खाली देख बनाया निशाना, दोपहर में वारदात से दहशत पुलिस में शिकायत दर्ज



जीरकपुर/यूटर्न/06 मई। पटियाला रोड स्थित शिवालिक विहार कॉलोनी में बुधवार दोपहर करीब तीन बजे चोरी की वारदात सामने आई। अज्ञात चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए नकदी, चांदी के गहने और रसोई गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, आई-ब्लॉक के मकान नंबर 242 निवासी रिंकू कपड़े प्रेस करने का काम करता है और उसकी दुकान घर से कुछ दूरी पर स्थित है। घटना के समय वह अपने परिवार सहित दुकान पर मौजूद था, जिससे घर पूरी तरह खाली था। इसी मौके का फायदा उठाकर चोर घर में घुस गए और वारदात को अंजाम दे दिया। पीड़ित के अनुसार, चोर उसकी पत्नी की चांदी की पायल, करीब 15 हजार रुपये नकद और रसोई में लगा गैस सिलेंडर लेकर फरार हो गए। घर के अंदर सामान भी बिखरा हुआ मिला, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोरों ने आराम से घर की तलाशी ली।

शाम को जब रिंकू घर लौटा तो उसने दरवाजे और अंदर का सामान अस्त-व्यस्त देखा, जिसके बाद चोरी का पता चला। उसने तुरंत आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है और शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की तैयारी की जा रही है, ताकि आरोपियों का पता लगाया जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना से क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बन गया है। उन्होंने पुलिस से गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की है।

# बंगाल जीत पर भाजपा अरुण सूद को बधाई, समाजसेवियों ने जताई खुशी



चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर शहर में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर समाजसेवी संगठन साईं सेवा संस्था के पदाधिकारियों ने चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अरुण सूद से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। संस्था के अध्यक्ष उमेश कुमार, सुमित कुमार (प्रधान), संजना वाल्मीकि, किशनपाल, अमित बग्गा, रवि चंदेल, मिलन सूद, विनोद और जावेद अंसारी सहित अन्य सदस्यों ने भाजपा की जीत पर खुशी जताई और इसे पार्टी की नीतियों व नेतृत्व पर जनता के भरोसे का परिणाम बताया। इस दौरान नेताओं ने कहा कि देशभर में भाजपा को मिल रहा जनसमर्थन विकास और सुशासन की नीतियों की जीत का प्रतीक है।

# पंजाब धमाकों पर भाजपा का तीखा हमला, तरुण चुग ने सीएम मान से मांगा इस्तीफा

चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। जालंधर और अमृतसर में हुए धमाकों के बाद पंजाब की राजनीति गरमा गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री Tarun Chugh ने मुख्यमंत्री Bhagwant Mann पर तीखा हमला बोलते हुए कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार को घेरा। चुग ने कहा कि संवेदनशील इलाकों के पास हुए धमाके राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में लगातार बढ़ती घटनाएं सरकार की विफलता को दर्शाती हैं। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री के उस बयान पर भी आपत्ति जताई, जिसमें धमाकों के पीछे भाजपा की भूमिका का आरोप लगाया गया था। चुग ने कहा कि यदि ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं तो उनके समर्थन में ठोस सबूत पेश किए जाएं, अन्यथा मुख्यमंत्री को पद छोड़ देना चाहिए।



उन्होंने यह भी कहा कि एक ओर राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) इन घटनाओं के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की भूमिका की बात कर रहे हैं, जबकि दूसरी ओर मुख्यमंत्री का अलग रुख सामने आ रहा है, जो विरोधाभासी है। चुग ने राज्य में कानून-व्यवस्था, नशे की समस्या और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को उठाते हुए सरकार पर निशाना साधा और कहा कि पंजाब कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। वहीं, उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर भी राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का खेल खेलने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है और मौजूदा हालात में इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है।

# ढकोली के कृष्ण एन्क्लेव में सूने घर को बनाया निशाना, 4 लाख की चोरी

## परिवार गया था वृंदावन, पीछे से चोर ले उड़ा जेवर व एलसीडी





ढकोली/यूटर्न/06 मई। ढकोली स्थित कृष्ण एन्क्लेव ब्लॉक-सी में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। मकान नंबर 488 में अज्ञात चोरों ने सूने घर को निशाना बनाते हुए करीब चार लाख रुपये के जेवरात और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी के अनुसार, घर के मालिक जयप्रकाश अपने परिवार सहित वृंदावन धाम स्थित बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के लिए गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने बंद घर का फायदा उठाया और वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि चोर स्कूटी पर सवार होकर कॉलोनी में पहुंचा और मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस गया।

इसके बाद उसने घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और एलसीडी टीवी को बैग में भर लिया और मौके से फरार हो गया। घटना का पता उस समय चला जब आसपास के लोगों ने घर का टूटा हुआ ताला देखा और मालिक को इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। घटना की जानकारी तुरंत ढकोली थाने को दी गई। सूचना मिलते ही जांच अधिकारी मेवा सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

जांच अधिकारी मेवा सिंह ने बताया कि पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले हैं और संदिग्ध की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

### मौके पर पहुंचे पूर्व वार्ड पार्षद हरजीत सिंह मिंटा

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय निवासी और पूर्व वार्ड पार्षद हरजीत सिंह मिंटा मौके पर पहुंचे। उन्होंने इलाके में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताइ । मिंटा ने कहा कि क्षेत्र में पुलिस की गशत पर्याप्त नहीं है, जिसके चलते चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि ढकोली क्षेत्र में नियमित और सख्त पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

# सिंहपुर चौक पर अवैध बस स्टैंड से बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था, हादसों का खतरा बढ़ा

## हाईवे पर बसों का अवैध ठहराव बना मुसीबत, रोज लग रहा जाम







-राम धीमान-

जीरकपुर/यूटर्न/06 मई। अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे पर स्थित सिंहपुर चौक इन दिनों यातायात अव्यवस्था का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। पिछले करीब एक साल से यहां अवैध रूप से बस स्टैंड संचालित हो रहा है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है और सड़क हादसों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

हालात यह हैं कि बसें निर्धारित स्टॉप पर रुकने के बजाय सीधे हाईवे के बीच या किनारे पर खड़ी होकर सवारियां चढ़ा-उतार रही हैं। इससे तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही बाधित होती है और अचानक ब्रेक लगाने की स्थिति बन जाती है। ऐसे में पीछे से आने वाले वाहनों के टकराने का खतरा बना रहता है। सुबह से लेकर देर रात तक यहां जाम जैसे हालात बने रहते हैं, जबकि ऑफिस और स्कूल के समय स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। समस्या केवल बसों तक सीमित नहीं है। चौक के आसपास टैक्सी और ऑटो चालकों ने भी अपने अस्थायी अड्डे बना लिए हैं। सवारी की तलाश में ये चालक कई बार सड़क किनारे ही नहीं, बल्कि बीच सड़क पर भी वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे यातायात पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस अव्यवस्था के चलते कई छोटे-मोटे हादसे हो चुके हैं और रोजाना दुर्घटना का खतरा बना रहता है। जाम के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। 10-15 मिनट का सफर कई बार आधे घंटे या उससे अधिक समय में तय करना पड़ता है। बच्चों को स्कूल भेजना और लोगों का समय पर ऑफिस पहुंचना मुश्किल हो गया है।

लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इससे यह समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है और लोगों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

**क्या कहना है विशेषज्ञों का...** विशेषज्ञों के अनुसार हाईवे पर इस तरह का अवैध ठहराव सड़क सुरक्षा नियमों का खुला उल्लंघन है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

समाधान के तौर पर अवैध बस स्टैंड को तुरंत हटाना, बसों के लिए निर्धारित स्टॉप का सख्ती से पालन कराना, ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती सुनिश्चित करना और टैक्सी-ऑटो चालकों के लिए अलग स्टैंड बनाना जरूरी है। इन उपायों को लागू कर स्थिति को काफी हद तक सुधारा जा सकता है।

**क्या कहना है नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी का...**नगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह भट्टी ने स्पष्ट किया कि सिंहपुर चौक पर बस स्टैंड के लिए कोई अधिकृत स्थान नहीं है। उन्होंने बताया कि सिंहपुर चौक से आगे मैग डी और सिंहपुर के बीच पहले से नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड बनाया गया है। उनका कहना है कि ट्रैफिक पुलिस को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी बसें उसी निर्धारित बस स्टैंड पर ही

# गढ़शंकर पुलिस ने अदालत द्वारा भगौड़ा घोषित व्यक्ति ग्रिफ्तार



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/06 मई। पुलिस ने माननीय अदालत द्वारा भगौड़ा घोषित व्यक्ति ग्रिफ्तार किया है। एसएसपी संदीप मलिक द्वारा आपराधिक तत्वों के खिलाफदिए निदेर्शो पर डीएसपी दलजीत सिंह खख की अगुआई में और एसएचओ गगनदीप सिंह सेखों की देखरेख में पुलिस चौकी बीनेवाल के इंचार्ज एएसआई ओंकार सिंह की अगुआई में पुलिस पार्टी ने गश्त दौरान गांव पंडोरी से अदालत द्वारा भगौड़ा घोषित संजीव सिंह ज्ञानी पुत्र परगट सिंह निवासी डल्लेवाल को ग्रिफ्तार क्र लिया गया है। एएसआई ओंकार सिंह ने बताया कि संजीव सिंह ज्ञानी पुत्र परगट सिंह निवासी डल्लेवाल के खिलाफ 22 अक्टूबर, 2024 को एफआईआर नंबर 166 धरा 304, 3 (5), 317(2) बीएनएस तहत दर्ज थी। माननीय सीनियर डिवीजन जुडिशल मेजिस्ट्रेट, गढ़शंकर द्वारा 17 सितम्बर , 2025 को पीओ करार दिया था। जिसे आज ग्रिफ्तार किया गया है।

# पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओ.बी.सी. विभाग के हल्का चब्बेवाल से एल.डी.एम. इंचार्ज भूपिंदर सिंह/ यामिनी गोमर



दलजीत अजनोहा

होशियारपुर/यूटर्न/06 मई। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओ.बी.सी. विभाग के हल्का चब्बेवाल से एल.डी.एम. इंचार्ज भूपिंदर सिंह, मैडम यामिनी गोमर वर्किंग चेयरपर्सन एससी विभाग, मनजीत सिंह गंभोवाल और अन्य साथियों ने केंद्र की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आगामी जनगणना में ओ.बी.सी. वर्ग के लिए अलग कॉलम न रखना इस विशाल समाज के साथ सरासर धोखा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जानबूझकर पिछड़ी श्रेणियों की वास्तविक जनसंख्या को छिपाना चाहती है, ताकि इस वर्ग को उनके बनते संवैधानिक अधिकारों और आरक्षण के लाभ से वंचित रखा जा सके। ढ्ढउन्होंने आगे कहा कि बिना सही आंकड़ों और जाति-आधारित विवरण के, पिछड़ी श्रेणियों के विकास के लिए कोई भी योजना सही ढंग से लागू नहीं की जा सकती, जिसके कारण इस वर्ग के युवाओं और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य दांव पर लग गया है। उन्होंने आगे कहा कि एक ओर सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा लगाती है, लेकिन दूसरी ओर ओ.बी.सी. समाज के आंकड़ों को सार्वजनिक करने से डर रही है। जनगणना में ओ.बी.सी. जातियों का विवरण न होना यह साबित करता है कि केंद्र सरकार की नीयत साफ नहीं है और वह पिछड़े वर्गों की भागीदारी को सीमित करना चाहती है।

इस मौके पर उन्होंने हल्का चब्बेवाल के लोगों से अपील की कि वे इस मुद्दे के प्रति जागरूक हों, क्योंकि यह सिर्फ राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि हमारी आने वाली नस्लों के अस्तित्व और अधिकारों की लड़ाई है।

Uturn Time 07 May 2026_Layout 2 5/7/2026 12:05 AM Page 10



# पंजाब धमाकों पर सियासत तेज, AAP-BJP आमने-सामने; चड्ढा ने CM मान के बयान पर उठाए सवाल

चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। जालंधर और अमृतसर में हुए बम धमाकों के बाद पंजाब की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के बयान पर सवाल उठाते हुए कहा कि शुरूआती जांच में सुरक्षा एजेंसियों ने घटना के पीछे पाकिस्तान की आईएसआई की भूमिका की आशंका जताई है। ऐसे में मुख्यमंत्री द्वारा अलग बयान देना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।





चड्ढा ने धमाकों की निंदा करते हुए कहा कि यह पंजाब की शांति और सामाजिक सद्भाव को प्रभावित करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

वहीं, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इन धमाकों को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी माहौल में डर का वातावरण बनाने के लिए इस तरह की घटनाओं का इस्तेमाल किया जाता है। मान ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।


उधर, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने मुख्यमंत्री के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि सीमावर्ती राज्यों में बाहरी ताकतें लगातार अशांति फैलाने की कोशिश करती रही हैं, ऐसे में इस तरह के बयान बेहद गंभीर हैं।

धमाकों के बाद राज्य में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं और जांच जारी है, जबकि राजनीतिक दल इस मुद्दे को लेकर एक-दूसरे पर हमलावर हैं।

# पंजाब में सुरक्षा मुद्दों पर BJP का बड़ा हमला, सीएम भगवंत मान के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान का ऐलान

चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। पंजाब में हालिया धमाकों और सुरक्षा हालात को लेकर सियासत तेज हो गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग उठाई है। जाखड़ ने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है और सुरक्षा एजेंसियों की चिंताओं के बावजूद सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही। उन्होंने कहा कि बढ़ती आतंकी गतिविधियों और हालिया धमाकों ने पंजाब की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

भाजपा ने इस मुद्दे को लेकर अब प्रदेशभर में जनजागरण अभियान चलाने का ऐलान किया है। जाखड़ के मुताबिक, पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार की विफलताओं का विस्तृत ज्ञापन सौंपेगा और हस्तक्षेप की मांग करेगा।



उन्होंने कहा कि जब जांच एजेंसियां सीमा पार से जुड़े नेटवर्क और बाहरी तत्वों की भूमिका की पड़ताल कर रही हैं, ऐसे में मुख्यमंत्री के बयान स्थिति की गंभीरता को कम करके आंकने वाले हैं। जाखड़ ने इसे ह्लापरवाहीपूर्ण रवैयाह्न बताते हुए कहा कि इससे राज्य की सुरक्षा पर असर पड़ सकता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और कानून-व्यवस्था चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि पार्टी पंजाब की शांति और सुरक्षा के मुद्दे पर हर स्तर पर संघर्ष करेगी और जनता के बीच जाकर सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी।

# नन्हे सितारों की मुस्कान से गुलजार हुआ सनमति विमल जैन स्कूल

## भव्य 'वेलकम पार्टी' का आयोजन

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/मई। सनमति विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में आज का दिन खुशियों और उत्साह के नाम रहा। स्कूल परिसर में प्री-नर्सरी से लेकर एल.के.जी. तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए एक भव्य 'वेलकम पार्टी' का आयोजन किया गया। इस रंगारंग समारोह का मुख्य उद्देश्य नए दाखिला लेने वाले बच्चों को स्कूल के वातावरण से परिचित कराना और उनके भीतर आत्मविश्वास जगाना था।

**रंग-बिरंगी सजावट और मनमोहक प्रस्तुतियां**

पार्टी के उपलक्ष्य में पूरे स्कूल को गुब्बारों और रंग-बिरंगी झालरों से किसी उत्सव की तरह सजाया गया था, जिसने नन्हे बच्चों का मन मोह लिया। नन्हे-



मुन्ने बच्चों ने न केवल गीतों और नृत्य की प्रस्तुति दी, बल्कि विभिन्न खेलों में भी बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों के चेहरों की मासूम मुस्कान ने पूरे माहौल को जीवंत कर दिया।

**मिस्टर और मिस फ्रेशर का चयन...** कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के उत्साह को देखते हुए, मिस्टर फ्रेशर सरताज सिंह और मिस फ्रेशर दयां पलटा चुनी गई और उन्हें विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। "हमारा स्कूल हर बच्चे की प्रगति और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। हम चाहते हैं कि बच्चे स्कूल को अपना दूसरा घर समझें और यहाँ प्यार व स्नेह के साथ अपनी शिक्षा की यात्रा शुरू करें।"

**मैडम सुप्रिया खुराना, प्रिंसिपल**

**केक काटकर मनाया जश्न...** समारोह के दौरान प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना ने स्टाफ सदस्यों और बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और नए शैक्षणिक सत्र की आधिकारिक खुशियों भरी शुरूआत की। उन्होंने बच्चों को स्कूल परिवार का अभिन्न हिस्सा बनते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।

**उपस्थिति...** इस अवसर पर प्राइमरी विभाग के स्टाफ सहित सोनिया कपूर, निधि जैन, आरती पलटा, शैली गाबा, रजनी रिहान, शशि शर्मा और नेहा सहोता विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधन समिति ने इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

# मुख्यमंत्री मान मानसिक संतुलन खो चुके हैं, अपनी जांच कराएं: फतेह बाजवा

चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। पंजाब भाजपा उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक फतेह जंग सिंह बाजवा ने कहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं और उसे इसकी जांच करानी चाहिए। बाजवा आज भगवंत मान द्वारा जालंधर और अमृतसर में बीती रात हुए धमाकों के पीछे भारतीय जनता पार्टी की साजिश बताने पर टिप्पणी कर रहे थे। पंजाब भाजपा उपाध्यक्ष ने कहा कि पूरा पंजाब और पूरा विपक्ष ऐसा कह रहा है, यहां तक कि डीजीपी गौरव यादव ने भी इसके पीछे २ का हाथ होने की संभावना जताई है।



लेकिन जिस तरह से मुख्यमंत्री बयान दे रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि पंजाब में हुए धमाके के पीछे भारतीय जनता पार्टी का हाथ है, वह उनकी मानसिक हालत बयां करता है। फतेह बाजवा ने भगवंत मान से कहा कि आप पंजाब के मुख्यमंत्री हैं और गृह का जिम्मा भी आपके पास है, तो फिर आप पूरी सच्चाई लोगों के सामने क्यों नहीं लाते? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस तरह के बेबुनियाद और झूठे बयान देकर लोगों को गुमराह करने की बजाय प्रदेश की कानून व्यवस्था पर ध्यान दें।

# अवैध स्ट्रीट वेंडिंग पर 'जीरो टॉलरेंस', सख्त कार्रवाई के निर्देश



चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। शहर में अवैध स्ट्रीट वेंडिंग के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं। मेयर सौरभ जोशी ने बुधवार को नगर निगम के बीएंडआर, सफाई और एनफोर्समेंट विंग सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक लेकर शहर में स्ट्रीट वेंडिंग की स्थिति का आकलन किया। बैठक में मेयर ने सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के निर्देशों का हवाला देते हुए अधिकारियों को 'एक्शन मोड' में आने और अवैध वेंडिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों, फुटपाथों और बाजारों में अवैध रूप से कब्जा करने वाले वेंडर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, क्योंकि इससे ट्रैफिक बाधित होता है और सफाई व सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पैदा होते हैं। मेयर ने स्पष्ट किया कि केवल वही स्ट्रीट वेंडर्स काम कर सकते हैं, जिनके पास स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत जारी वैध प्रमाण पत्र हैं और जो निर्धारित वेंडिंग जोन में कार्यरत हैं। उन्होंने एनफोर्समेंट विंग को निर्देश दिए कि अवैध वेंडिंग के खिलाफ अभियान तेज किया जाए, अतिक्रमण तुरंत हटाए जाएं और गैर-निर्धारित क्षेत्रों में किसी भी तरह की वेंडिंग की अनुमति न दी जाए। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि नियमों का सख्ती से पालन हो सके।

# गांव 'कोठे अठ चक्क' के नाम पर सियासी घमासान, अकाली-आप आमने-सामने

## लेकिन ऐतिहासिक पत्थर और सरकारी रिकॉर्ड बयां कर रहे अलग कहानी

-चरणजीत सिंह चन्ना-

जगरांव/यूटर्न/5/मई। जगरांव के निकटवर्ती गांव 'कोठे अठ चक्क' का नाम बदलने का विवाद अब पूरी तरह से राजनीतिक रंग ले चुका है। इस मुद्दे पर शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। एक ओर जहां पूर्व विधायक एस.आर कलेर ने मौजूदा विधायक सर्वजीत कौर माणुके पर बिना तथ्यों के बयानबाजी करने का आरोप लगाया है, वहीं प्रशासनिक रिकॉर्ड और गांव में लगा दो दशक पुराना नींव पत्थर इस पूरे विवाद की एक अलग ही तस्वीर पेश कर रहा है।



### प्रशासनिक स्पष्टीकरण: क्या कहते हैं अधिकारी ?

इस पूरे मामले की कानूनी स्थिति स्पष्ट करते हुए बीडीपीओ सुरजीत चंद ने बताया कि डिप्टी कमिश्नर लुधियाना द्वारा जारी 2024 के आधिकारिक पंचायती चुनाव रिकॉर्ड में गांव का नाम कोठे अठ चक्क आबादी बलदेव सिंह वाला ही दर्ज है। लेकिन, ग्राम पंचायत का आधिकारिक नाम केवल ₹कोठे अठ चक्क है।

\ उन्होंने बताया कि उनके संज्ञान में आया था कि मौजूदा सरपंच अशोक कुमार ने ₹कोठे अठ चक्क बलदेव सिंह वाला₹ नाम से मुहर और लेटरपैड बनवा लिया है, जो कि गैर-आधिकारिक था। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सरपंच को सख्त हिदायत दी है कि भविष्य में केवल आधिकारिक नाम (ग्राम पंचायत कोठे अठ चक्क) का ही उपयोग किया जाए, अन्यथा कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**हकीकत बयां करता साल 2000 का नींव पत्थर...** इस पूरे विवाद का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि जिस नाम को लेकर आज दोनों पार्टियां एक-दूसरे पर हमलावर हैं, उसी गांव में साल 2000 का एक नींव पत्थर लगा हुआ है। गांव वालों के अनुसार, यह पत्थर शिरोमणि अकाली दल की सरकार के समय तत्कालीन विधायक भाग सिंह मल्ला द्वारा लगवाया गया था। इस पत्थर पर स्पष्ट शब्दों में गांव का नाम ₹कोठे अठ चक्क बलदेव सिंह वाला₹ लिखा हुआ है। इसमें तत्कालीन सरपंच व मार्केट कमेटी चेयरमैन बलदेव सिंह और एसजीपीसी मेंबर हरसुरिंदर सिंह गिल के नाम भी अंकित हैं।

### अकाली दल का पक्ष: एस.आर कलेर का पलटवार

शिरोमणि अकाली दल के हलका इंचार्ज एस.आर कलेर ने एक प्रेस वार्ता के दौरान दावा किया कि गांव के असली नाम के साथ कथित तौर पर बिना प्रशासनिक मंजूरी के ₹बलदेव सिंह वाला₹ शब्द जोड़ दिया गया था। उन्होंने बताया कि डिप्टी कमिश्नर लुधियाना को सबूत सौंपे जाने के बाद प्रशासन ने पंचायत को अपनी मुहर और लेटरपैड पर केवल 'कोठे अठ चक्क' लिखने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही, शुगर मिल बंद होने के मामले में विधायक माणुके द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कलेर ने स्पष्ट किया कि मिल साल 2004 में बंद हुई थी, जबकि उनका अपना राजनीतिक सफर (बतौर विधायक) 2012 में शुरू हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक अपना खिसकता जनाधार देखकर बेबुनियाद बयानबाजी कर रही हैं।

### निष्कर्ष

सरकारी दस्तावेजों और पुराने नींव पत्थर के तथ्यों को देखने से यह स्पष्ट होता है कि गांव के नाम के साथ ₹बलदेव सिंह वाला₹ जुड़ा होना कोई नई घटना नहीं है। हालांकि, तकनीकी और कानूनी रूप से ग्राम पंचायत का नाम सिर्फ ₹कोठे अठ चक्कर₹ है, जिसे प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है। इसके बावजूद, इस पुराने मुद्दे को तूल देना आगामी चुनावों के मद्देनजर की जा रही राजनीतिक रस्साकशी का ही हिस्सा प्रतीत होता है।

# वीआईपी रोड पर चलती कार में लगी आग, दो लोग बाल-बाल बचे

## हेडलाइट से उठी चिंगारी बनी आग, मौके पर मची अफरा-तफरी

जीरकपुर/यूटर्न/06 मई। शहर के व्यस्त और भीड़भाड़ वाले इलाके वीआईपी रोड पर शुक्रवार देर रात एक चलती कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना एम केयर हॉस्पिटल के सामने की बताई जा रही है, जहां एक होंडा एलांत्रा कार की हेडलाइट के पास से अचानक आग भड़क उठी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार सड़क पर चल रही थी तभी उसके अगले हिस्से, विशेषकर हेडलाइट के पास से धुआं निकलना शुरू हुआ और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग लगते ही आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी सुरक्षा के लिए इधर-उधर



भागने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार में दो लोग सवार थे। आग का अंदेशा होते ही उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत गाड़ी रोकी और बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। इसके बाद घटना की सूचना तुरंत आपातकालीन सेवा 112 पर दी गई।

सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और तेजी से कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। टीम की तत्परता के चलते आग को फैलने से पहले ही बुझा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आसपास खड़ी अन्य गाड़ियों और लोगों के लिए खतरा बढ़ सकता था।

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हुए हैं। घटना के चलते कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की 'प्रचंड जीत' का जगरांव में जश्न

-चरणजीत सिंह चन्ना-

जगरांव/यूटर्न/6/मई। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन और बढ़ती ताकत का जश्न आज जगरांव में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जगरांव मंडल के उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने पार्टी आलाकमान और देशवासियों को बधाई देते हुए इसे लोकतंत्र की जीत बताया।

**विकास और राष्ट्रवाद की जीत...** अमित शर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजे भाजपा के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा:

₹बंगाल की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और उनकी जनहितकारी नीतियों



पर मुहर लगा दी है। यह जीत केवल एक पार्टी की नहीं, बल्कि विकासवाद और प्रखर राष्ट्रवाद की जीत है।''

**अगला लक्ष्य पंजाब:** बंगाल के नतीजों से उत्साहित अमित शर्मा ने पंजाब की राजनीतिक दिशा पर जोर देते हुए कहा कि अब राज्य में बदलाव की लहर साफ देखी जा सकती है।

पंजाब के लोग वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को गहराई से समझ रहे हैं और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

**आगामी चुनाव:** अमित ने दावा किया कि बंगाल की तर्ज पर अब पंजाब की बारी है। आने वाले विधानसभा चुनावों में राज्य की जनता भाजपा को पूर्ण बहुमत सौंपेगी।

**सुशासन का संकल्प...** उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पंजाब में भाजपा की सरकार बनने से राज्य में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी।

# बोल्ड अंदाज में इंटरनेट पर छाई Pooja Hegde, फैंस के दिलों में लगी आग

पूजा हेगड़े का ये बेहद बोल्ड और ग्लैमरस अवतार सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है।

स्टाइलिश आउटफिट और कॉन्फिडेंट पोज में उन्होंने अपने हॉट लुक से फैंस को दीवाना बना दिया।

उनकी किलर स्माइल और एटीट्यूड ने तस्वीरों में एक्स्ट्रा चार्म जोड़ दिया है।

फैंस लगातार कमेंट कर रहे हैं— 'हॉटनेस ओवरलोड' और 'नेशनल क्रश वाइब्स'!

हर नए लुक के साथ पूजा का स्टाइल गेम और भी ज्यादा सिजलिंग होता जा रहा है।


Pooja Hegde

# बंगाल में BJP की एंट्री... बुलडोजर एक्शन शुरू, कोलकाता में TMC का दफ़्तर ढहाया गया

चंडीगढ़/यूटर्न/06 मई। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (BJP) की ऐतिहासिक जीत के कुछ ही घंटों बाद, राज्य में कथित तौर पर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें अलग-अलग इमारतों पर बुलडोजर चलते हुए देखे जा सकते हैं। दावा किया जा रहा है कि बुलडोजर के साथ आए लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर ऐतिहासिक हॉग मार्केट इलाके के पास तृणमूल कांग्रेस (TMC) के एक दफ़्तर को निशाना बनाया।



## न्यू मार्केट इलाके में गश्त बढ़ाई गई

जब कोलकाता के सबसे व्यस्त कमर्शियल हब में से एक हॉग मार्केट में हालात बिगड़ने लगे, तो प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ा दी थी। घटना के तुरंत बाद पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजा गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, घबराए हुए व्यापारियों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए और इलाके से भाग निकले। हालात पर काबू पाने और आगे किसी भी तरह के तनाव को रोकने के लिए, न्यू मार्केट इलाके और उसके आसपास गश्त बढ़ा दी गई है। यह ध्यान रखना जरूरी है कि घटनाओं का पूरा क्रम अभी भी स्पष्ट नहीं है। यह घटना हालिया चुनावी नतीजों के बाद पश्चिम बंगाल में बढ़े हुए राजनीतिक तनाव के बीच हुई है।

## महुआ मोइत्रा ने सरकार पर निशाना साधा

TMC नेता महुआ मोइत्रा ने X पर घटना का एक वीडियो शेयर किया और सत्ताधारी पार्टी के नैरेटिव पर तंज कसा। उन्होंने लिखा कि कोलकाता का ऐतिहासिक न्यू मार्केट बंगालियों को परिवर्तन (बदलाव) का आनंद लेते हुए देख रहा है।

## डेरेक ओ'ब्रायन ने भी हमला बोला

TMC के एक और वरिष्ठ नेता, डेरेक ओ'ब्रायन ने आरोप लगाया कि यह तोड़फोड़ सरकारी निगरानी में की गई। एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि मध्य कोलकाता में, न्यू मार्केट के पास, जीत के जश्न के हिस्से के तौर पर मांस की दुकानों को गिराने के लिए—पुलिस की अनुमति से—एक बुलडोजर लाया गया था। उन्होंने दावा किया कि CAPF के जवान पास में ही खड़े थे। उन्होंने आगे कहा, यही BJP है। दुनिया को ये तस्वीरें देखनी चाहिए।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन घटनाओं से व्यापारियों में दहशत फैल गई है, जिसके चलते उन्हें अपनी दुकानें अचानक बंद करनी पड़ीं। महुआ मोइत्रा और सागरिका घोष समेत तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने ये वीडियो शेयर किए और इखड पर बुलडोजर एक्शन करवाने का आरोप लगाया।

# भांखरपुर में चाकुओं से हमला, तरसेम सिंह की मौत; पैसों के विवाद ने लिया खूनी रूप

## सीने पर 5-6 वार, पिता-पुत्र पर आरोप; नाके के पास वारदात से उठे सवाल







डेराबस्सी/यूटर्न/06 मई। नजदीकी गांव भांखरपुर में पैसों के लेनदेन को लेकर हुआ विवाद उस समय खूनी संघर्ष में बदल गया, जब गुस्से में आए पिता-पुत्र ने एक व्यक्ति पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की अस्पताल पहुंचने पर मौत हो गई। मृतक की पहचान तरसेम सिंह पुत्र पाल सिंह निवासी भांखरपुर के रूप में हुई है, जो निजी नौकरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।

जानकारी के अनुसार, तरसेम सिंह बुधवार को गांव के बस स्टैंड के पास अपनी मोटरसाइकिल की सर्विस करवाने गया हुआ था। इसी दौरान गांव के ही मोनी और उसके बेटे के साथ उसका पुराना विवाद और पैसों के लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बहस अचानक बढ़ गई और गुस्से में आकर आरोपियों ने चाकू निकालकर तरसेम सिंह पर हमला कर दिया।

बताया जा रहा है कि हमलावरों ने उसके सीने पर 5 से 6 बार चाकू से वार किए, जिससे वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग इकट्ठा हो गए। हैरानी की बात यह भी सामने आई है कि घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर पुलिस का नाका लगा हुआ था, बावजूद इसके आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। परिजनों ने आरोप लगाया कि घायल तरसेम सिंह को तुरंत अस्पताल नहीं ले जाया गया और वह करीब 10 मिनट तक मौके पर ही पड़ा रहा। बाद में गांववासियों और पुलिस की मदद से उसे डेराबस्सी के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे भवनप्रीत ने बताया कि उसके पिता का आरोपियों के साथ पहले से ही विवाद चल रहा था, जो इस घटना का कारण बना। उसने आरोप लगाया कि यदि समय रहते इलाज मिल जाता तो शायद उसके पिता की जान बच सकती थी।

घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोगों में इस वारदात को लेकर रोष है और उन्होंने पुलिस से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवाकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है और मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। साथ ही, मामले के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है।

# केबल तार और ट्रक टायर चोरी मामले में दो आरोपी नामजद, सामान बरामद

## डेराबस्सी पुलिस की कार्रवाई, 175 फीट केबल और 6 टायर रिकवर



डेराबस्सी/यूटर्न/06 मई। मुबारकपुर पुलिस ने चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है और उनके कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया है। यह मामला एफआईआर नंबर 184 दिनांक 2 मई 2026 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस को यह शिकायत दाउद पठान पुत्र दिलशेर पठान निवासी पंजाब कॉलोनी, गांव दफरपुर, थाना डेराबस्सी, जिला एसएएस नगर मोहाली की ओर से दी गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि राहुल कुमार पुत्र भारत शाह और मनप्रीत सिंह उर्फ घुग्गी कुमार निवासी गांव ककराली ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धाराओं 305, 331(3) और 317(2) के तहत मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 175 फीट काले रंग की केबल तार और ट्रक के 6 पुराने टायर बरामद किए हैं। मामले की जांच एएसआई लखविंदर सिंह (नंबर 422), इंचार्ज पुलिस पोस्ट मुबारकपुर द्वारा की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है और आरोपियों से पूछताछ कर अन्य वारदातों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस तरह की चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई गई है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372